**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.12.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा, माओवाद, उग्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर पुलिस अधिकारियों को रणनीति बनाने का दिया निर्देश।**
2. **प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने कहा– विधानसभा में पार्टी एक सजग प्रहरी के रूप में विपक्ष की निभायेगी भूमिका।**
3. **पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने झारखंड में नक्सलियों के छोटे संगठन–स्प्लिंटर ग्रुप को समाप्त करने पर दिया बल, कहा– राज्य में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत हो चुकी है खत्म।**
4. **गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कहा– बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ जारी रहेगा आंदोलन, झारखंड में हर हाल में एनआरसी लागू कराने पर दिया जोर।**
5. **धनबाद से सटे बंगाल के डिबूडीह चेकपोस्ट पर आलू के ट्रकों की जांच जारी, आज भी एक सौ से अधिक ट्रकों को वापस लौटाया।**
**और**
6. **हॉकी इंडिया ने जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की, भारतीय टीम में झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल।**

**समाचार विस्तार से**

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से पुलिस अधिकारियों के साथ साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा, माओवाद और उग्रवाद से निपटने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए पुलिस अधिकारियों को रणनीति बनाने का निर्देश दिया। श्री मोदी ने कृत्रिम मेधा तथा ड्रोन जैसी उभरती तकनीकों से उत्पन्न चुनौतियां और आतंकवाद से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की। सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

***************

विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा विधानसभा में एक सजग प्रहरी के रूप में विपक्ष की भूमिका निभायेगी। कार्यकारी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान इंडी गठबंधन ने जातीय उन्माद और सांप्रदायिक दुर्भावना को बढ़ावा दिया।

हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दो दिनों में जीते हुए विधायक, हारे हुए उम्मीदवार, पार्टी के जिला अध्यक्ष, संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुलकर अपनी बातों को पार्टी फोरम पर रखा।

***************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि भाजपा, झारखंड में हर हाल में एनआरसी लागू करायेगी और बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर किया जायेगा। श्री दुबे ने कहा कि हमारे लिए बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा चुनावी मुद्दा नहीं है। हम लगातार इस मामले को उठाते रहेंगे।

***************

झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब नक्सलियों के छोटे संगठन–**स्प्लिंटर ग्रुप** का सफाया करना बेहद जरूरी है। श्री गुप्ता ने कहा कि झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीनों में स्प्लिंटर ग्रुप के जरिये कई हिंसक घटनाएं हुई हैं। ऐसे ग्रुप आगजनी के साथ–साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड करते हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ–साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप पर कार्रवाई की जा रही है।

***************

पश्चिम बंगाल से झारखंड आ रहे आलू के ट्रकों को धनबाद की सीमा से सटे बंगाल में डिबूडीह चेकपोस्ट पर रोककर जांच की जा रही है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि आज भी एक सौ से अधिक ट्रक बंगाल में ही वापस कोल्ड स्टोरेज लौटा दिए गए।

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से बात कर समस्या के समाधान का आग्रह किया। बंगाल के मुख्य सचिव ने बताया कि आलू की ट्रांसपोर्टिंग समस्या का निष्पादन जल्द होगा।

***************

माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार माणिक लाल हेंब्रम आज से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव के पद पर बने रहेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले माणिक लाल हेंब्रम झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव थे।

***************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज सुबह तीन बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह–चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुभारंभ किया। गौरतलब है कि कोविड–19 के दौरान इस पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था। इस ट्रेन को फिर से शुरू करने की मांग की जा रही थी।

***************

पाकुड जिले की पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सहित कारोबारी अजय कुमार भगत से लूटपाट करने और गोली चलाने वाले गिरोह का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में हथियार के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने दी है।

***************

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात फेंजल का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। राज्य के कोल्हान और आस–पास के कई जिलों में आंशिक बादल छाये हुए हैं। रांची मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में इसका सबसे अधिक असर दक्षिणी–भाग में देखा जा रहा है। इस दौरान मध्यम से हल्की बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि चार दिसंबर के बाद इसका असर खत्म होते ही राज्य में ठंड बढ़ जायेगी।

***************

झारखंड के प्रोजेक्ट उत्कर्ष की अंडर–17 बालिकाओं ने राज्यस्तरीय 68वीं नेशनल स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जगह बना ली है। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

***************

हॉकी इंडिया ने आज महिला जूनियर एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह प्रतियोगिता 7 से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में खेली जाएगी। भारतीय टीम में झारखंड की ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी। भारत को **पूल–ए** में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि **पूल–बी** में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच 8 दिसंबर को बांग्लादेश से खेलेगी।

***************

## संक्षिप्त खबरें

- बालिका गृह पलामू में यौन शोषण मामले में मेदिनीनगर महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर संचालक राम प्रताप गुप्ता और महिला कॉउंसलर प्रियंका कुमारी को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
- झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग में आज पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया, जहां गढ़वा जिले के 388 गृह रक्षकों ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गढ़वा में सेवा देंगे।
- पाकुड़ जिले के मुफ्फसिल, मालपहाड़ी, हिरनपुर और महेशपुर–पाकुड़ मार्ग पर वाहनों के नो एंट्री के नियमों और निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले 14 वाहन मालिकों से छियानबे हजार पांच सौ रूपये का जुर्माना वसूला गया।